महत्वपूर्ण एवं खास

पीएससी 2022 के मामले में हाईकोर्ट में हुई सुनवाई, कोर्ट ने राज्य शासन और पीएससी से मांगा जवाब

बिलासपुर (आरएनएस)। बिलासपुर हाईकोर्ट ने छत्तीसगढ़ पीएससी-2022 के एक मामले में सुनवाई करते हुए राज्य शासन और पीएससी को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है. जस्टिस अरविन्द सिंह चन्देल की कोर्ट ने सुनवाई के बाद शासन और पीएससी को नोटिस जारी कर 4 हफ्ते में जवाब तलब किया है और एक पद सुरक्षित रखने का निर्देश दिया है. गौरतलब है कि इस मामले में परीक्षा में शामिल हुए अभ्यर्थी टेकराम नाग ने याचिका दायर की है. याचिकाकर्ता ने अपने याचिका में चयन प्रक्रिया में गड़बड़ी की शिकायत करते हुए उनके मामले में जांच की मांग की है. याचिकाकर्ता ने पीएससी द्वारा आयोजित 210 पदों के इस भर्ती परीक्षा में प्रश्नपत्र क्रमांक 4 के प्रश्न क्रमांक 12 के जवाब में नॉट आन्सर्ड मिलने पर आपत्ति जाहिर की है. याचिकाकर्ता का कहना है कि उसने एक प्रश्न का जवाब सही दिया था, लेकिन सेलेक्शन टीम ने इसे नॉट आन्सर्ड बताया. इससे उनका चयन प्रक्रिया बाधित हुआ है.

स्काई बैलून में हुआ ब्लास्ट, 33 बच्चे घायल

अंबिकापुर-रायपुर (आरएनएस)। शहर के विवेकानंद विद्या निकेतन स्कूल परिसर में स्काई बैलून में गैस भरने के दौरान हुए ब्लास्ट में 33 बच्चे घायल हो गए। हादसे की सूना मिलते ही यहां कलेक्टर और पुलिस अधिकारी पहुंच गए थे। हादसे में बच्चों को सामान्य चोटें आने की जानकारी सामने आ रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शहर के विवेकानंद विद्या निकेतन स्कूल परिसर में आज दोपहर हिंदू युवा एकता मंच के द्वारा स्कूल परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया जाना था। इसकी जोरशोर से तैयारी की जा रही थी। इसी दौरान स्कूल परिसार में स्काई बैलून में गैस भरा जा रहा था। स्काई बैलून में गैस भरवाने के दौरान अचानक जोरदार धमाका हो गया। इस दौरान परिस में मौजूद करीब 33 बच्चों के घायल होने की सूचना है। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस के आला अफसर और जिला कलेक्टर कुंदन कुमार मौके पर पहुंच गए थे। हादसे में घायल बच्चों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने बच्चों को सामान्य चोटें आने की जानकारी दी इसके बाद अधिकारियों ने राहत की सांस ली है।

नवा रायपुर मे स्टंटबाजी करने वाले दो बाइकर्स गिरफ्तार

रायपुर (आरएनएस)। थाना मंदिर हसौद क्षेत्रांतर्गत अटल नगर नवा रायपुर में कुछ व्यक्तियों द्वारा आम रोड में दोपहिया वाहनों में स्टंट किया जा रहा था, जिससे उनके एवं दूसरों के साथ दुर्घटना होने एवं मानव जीवन को संकट में डाले जाने की प्रबल संभावना उत्पन्न हो रही थी। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में थाना मंदिर हसौद पुलिस की टीम द्वारा मौके पर जाकर व्यक्तियों की पतासाजी कर चिन्हांकित करते हुए धनेश्वर चेलक एवं टिकेश्वर साहू को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से स्टंट में प्रयुक्त कुल 02 नग दोपहिया वाहन जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध थाना मंदिर हसौद में अपराध क्रमांक 584/23 एवं 586/23 धारा 279 भादवि. का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया। गिरफ्तार आरोपी- 01. धनेश्वर चेलक पिता राजेन्द्र चेलक उम्र 21 साल निवासी ग्राम मगरघटा थाना अमलेश्वर जिला दुर्ग। जप्त- मो0सा0 क्रमांक सी जी/04/एम डब्ल्यू/1651। 02. टिकेश्वर साहू पिता दिनेश साहू उम्र 23 साल निवासी दुर्गा नगर बीरगांव थाना खमतराई रायपुर। जप्त- मो0सा0 क्रमांक सी जी/04/एम ए/4552।

राजधानी में पुलिस तैयार : सख्ती से होगा आचार संहिता का पालन, सड़कों वचौक चौराहों पर होगी पुलिस की कड़ी निगरानी

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ सहित पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। 9 अक्टूबर को चुनाव आयोग ने इसकी घोषणा की है, जिसके तहत प्रदेश में दो चरणों 7 और 17 नवंबर को चुनाव होंगे और 3 दिसम्बर को रिजल्ट आएगा। चुनावी घोषणा होने के साथ ही आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू हो गई है। ऐसे में इसका पालन करना अनिवार्य हो जाता है। राजधानी रायपुर में भी पुलिस के द्वारा चेकिंग अभियान शुरू किया गया है। स्स्क्क प्रशांत अग्रवाल खुद सडक़ों में निकलकर अभियान का जायजा ले रहे हैं। इस कार्रवाई के दौरान आने-जाने वाले वाहनों की तलाशी कर उनसे पूछताछ की जा रही है।

जिले के सभी थानों में विशेष टीम गठित कर 12 घंटे की सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें वाहनों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई भी की जा रही है। वाहन चेकिंग का यह विशेष अभियान होने वाले चुनाव के मद्देनजर अपराध नियंत्रण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। रायपुर पुलिस के मुताबिक, यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

चुनाव के मद्देनजर पुलिस का फ्लैग मार्च जिले में शांतिपूर्ण चुनाव कराने के उद्देश्य से 10 अक्टूबर मंगलवार की शाम स्स्क्क प्रशांत अग्रवाल के नेतृत्व में शहर के विभिन्न स्थानों में फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च पुलिस लाईन से शुरू होकर धमतरी गेट, चांदनी चौक, बुढ़ेश्वर चौक, लाखे नगर, सुन्दर नगर चौक, डंगनिया बाजार, अनुपम गार्डन, जी.ई.रोड, यूनिवर्सिटी गेट, महोबा बाजार चौक, कोटा मार्ग, जगन्नाथ चौक, भारत माता चौक, मारूती मंगल भवन, शिवानंद नगर, पैराडाईस होटल ब्रीज के नीचे, डी.आर. एम. ऑफिस, फाफाडीह चौक, मौदहापारा, जयस्तंभ चौक, मालवीय रोड, गांधी मैदान तिराहा, शास्त्री चौक, देवेन्द्र नगर, पारस नगर, मण्डी गेट, खजाना चौक, काली माई तिराहा, एस.आर.पी चौक, अनुपम नगर चौक, खम्हारडीह थाना, अवंति विहार, तेलीबांधा चौक, आनंद नगर, केनाल रोड, काशीनगर, लालपुर चौक, पचपेड़ी नाका, सिद्धार्थ चौक से पुलिस लाईन में समाप्त हुई।

फ्लैग मार्च के माध्यम से रायपुर पुलिस द्वारा अपराधियों व अपराधिक व उपद्रवी तत्वों को चुनाव के दौरान किसी प्रकार के अपराधिक कृत्य में संलिप्त न होने एवं किसी प्रकार के अपराध को बढ़ावा न देने का स्पष्ट संदेश दिया गया।

193 आरोपी गिरफ्तार इधर, अलग-अलग थानों में मारपीट, हत्या के प्रयास, चाकूबाजों, धोखाधड़ी एवं विभिन्न गंभीर अपराधों के 106 स्थायी वारंट सहित कुल 193 बदमाशों की गिरफ्तारी कर न्यायालय में पेश किया गया।

विधानसभा निर्वाचन के लिए रखा जाएगा डीजल-पेट्रोल का रिजर्व स्टॉक

रायपुर (आरएनएस)। विधानसभा निर्वाचन-2023 को ध्यान में रखते हुए जिले में डीजल और पेट्रोल को अतिरिक्त रिजर्व स्टॉक भी रहेगा। हर पेट्रोल पंप संचालक को रिजर्व स्टॉक रखने के निर्देश कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर भुरे ने जारी कर दिए हैं। यह आदेश छत्तीसगढ़ मोटर स्पिरिट एवं हाई स्पीड डीजल ऑयल अनुज्ञापन तथा नियंत्रण आदेश 1980 के प्रावधानों के तहत जारी किए गए हैं। जिले के नगरीय निकाय क्षेत्रों के पेट्रोल पंपो पर चार हजार लीटर डीजल और दो हजार लीटर पेट्रोल रिजर्व स्टॉक के रूप में रखने के निर्देश दिए गए हैं। ग्रामीण इलाकों के पेट्रोल पंपो में दो हजार लीटर डीजल और एक हजार लीटर पेट्रोल रिजर्व स्टॉक के रूप में भंडारित रहेगा। इस रिजर्व स्टॉक का वितरण अपर कलेक्टर, संबंधित एसडीएम, तहसीलदार और खाद्य विभाग के अधिकारियों की अनुमति के बाद ही किया जा सकेगा। पेट्रोल पंप संचालको को जारी किए गए आदेश का कड़ाई से पालन करने के निर्देश भी दिए गए हैं। निर्देश का उल्लंघन करने पर संबंधित पेट्रोल पंप संचालक के विरूद्ध कार्रवाई भी की जा सकेगी।

पेपर मिल डकैती मामले में कबाड़ी गिरफ्तार, अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी

कोरबा (आरएनएस)। मध्यभारत पेपर मिल बिरगहनी जांजगीर-चांपा जिला में कोरबा के युवकों ने डाका डाला था। सुरक्षा कर्मी की मदद से डकैती करने वाले कोरबा जिला के छुरी निवासी कबाड़ी समेत सात आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपितों के पास से 20 लाख से अधिक का सामान बरामद किया है।

गत आठ-नौ अक्टूबर की रात पेपर मिल में लगभग सात से आठ डकैतों ने डाका डालकर ट्रांसफार्मर का क्वाइल व अन्य सामान पार कर दिया था। ड्यूटी पर तैनात सुरक्षा कर्मियों को घेरकर जान से मारने की धमकी देते हुए मोबाइल छीनते हुए डकैती को अंजाम दिया। तांबा के क्वाइल को अपने साथ लाए कार में भरकर ले गए। इस दौरान आरोपित एक दूसरे का नाम संदीप और प्रीतम पुकार रहे थे। अहेरीपुर इटावा उत्तरप्रदेश निवासी पन्ना लाल शर्मा 70 वर्ष ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामले में जांजगीर पुलिस ने अज्ञात आरोपितों के खिलाफ धारा 458, 395 के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया।

जांच में जुटी पुलिस टीम को मिल में कार्यरत सुरक्षा कर्मी नारायण मिश्रा की इस मामले में संदेहास्पद रही। पुलिस ने जब उससे पूछताछ की, तो उसने कोरबा के युवकों द्वारा डाका डालने की जानकारी दी। इस पर पुलिस ने डकैती का मास्टर माइंड छुरी कटघोरा निवासी प्रीतम चेलकर 32 वर्ष, विश्वजीत टंडन 23 वर्ष, भलपहरी हरदीबाजार निवासी मुकुंदा यादव 34वर्ष, संतोष कुमार चंद्राकर 43वर्ष को पकड़ा। साथ ही छुरी निवासी कबाड़ खरीदने वाले कबाड़ी प्रियांशु साहू 30 वर्ष को गिरफ्तार किया है। आरोपितों से 112 किलो तांबा क्वाइल, टाटा नेक्सान कार क्रमांक सीजी 12 एबी 1216, महिंद्रा टीवीयू सीजी 12 बीजी 9497, बुलेट क्रमांक सीजी 12 डीजी 2524, चार मोबाइल व गैस कटर व सिलेंडर जब्त किया है। घटना में शामिल अन्य फरार आरोपितों की तलाश की जा रही है।

हाथियों ने भलकुंडा में फिर ढहाया मकान

कोरबा (आरएनएस)। जिले के कटघोरा वनमंडल के पसान व केंदई रेंज में हाथियों का आतंक जारी है। पड़ोसी जीपीएम जिले से लौटे तीन हाथियों त्रिदेव ने पसान रेंज के सेमरहा सर्किल अंतर्गत हरदेवा पंचायत के भलकुंडा गांव में बीती रात उत्पात मचाते हुए शिवनाथ नामक एक ग्रामीण के घर को फिर ढहा दिया।

इतना ही नहीं हाथियों ने खेतों में पहुंचकर फसलों को भी भारी नुकसान पहुंचाया है। सूचना मिलने पर वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौके पर पहुंचकर नुकसानी के आंकलन में जुट गए हैं। इससे पहले हाथियों के दल ने पलामू में 6 घरों को तोड़ दिया था। त्रिदेव हाथियों द्वारा उत्पात मचाए जाने से ग्रामीण दहशत में हैं।

उधर केंदई रेंज के कापानवापारा में 47 हाथियों का दल अभी भी विचरण कर रहा है। हाथियों के इस दल ने फसल को रौंदने के अलावा कोई बड़ा नुकसान नहीं पहुंचाया है।

वन अमला हाथियों की दल की निगरानी में जुटा हुआ है। इधर कोरबा वनमंडल के कुदमुरा रेंज में सक्रिय हाथियों का दल दो झुंडों में बंटने के बाद एक झुंड जहां जिल्गा से आगे बढक़र गीतकुंआरी पहुंच गए वहीं दूसरा दल कुदमुरा रेंज की सीमा को पार कर धरमजयगढ़ का रूख कर लिया है।

हाथियों ने जाने से पहले रास्ते में कई किसानों की फसल को नुकसान पहुंचाया है। जिसका आंकलन वन अमले द्वारा किया जा रहा है।

नकली सोने के जेवर सहित युवकों को सीएसईबी पुलिस ने पकड़ा

कोरबा (आरएनएस)। कोरबा शहर के सीएसईबी पुलिस ने एक गिरोह के तीन सदस्यों को पकडऩे में सफलता प्राप्त की है। जिनके पास से भारी मात्रा में सोने के नकली जेवर बरामद हुए हैं। विधानसभा चुनाव के मद्देनजर शहर में वाहन जांच तेज कर दी गई है। इसी कड़ी में टीण्पीण् नगर चौक में सीएसईबी पुलिस की टीम वाहन जांच कर रही थी। इस दौरान चौकी प्रभारी नवीन पटेल की नजर बाइक सवार युवकों पर पड़ी। जब बाइक सवारों को रोककर तलाशी ली गई तो तीन नग सोने के हार व 12 नग चूड़ी बरामद की गयी। उक्त संदिग्ध युवक जेवर के संबंध में न तो दस्तावेज प्रस्तुत कर सके और न ही संतोषजनक जवाब दे सके। तब पुलिस ने बाइक सवार तीनो युवकों को पकडक़र चौकी ले आई। पुलिस के द्वारा उनसे पूछताछ करने पर युवकों ने अपना नाम मिर्जापुर यूपी निवासी अभिनव श्रीवास्तव व मोहम्मद आमिर खान ग्राम नोनबिर्रा करतला निवासी शेख मुनव्वर बताया।

पुलिस को पूछताछ के दौरान संदेह हुआ। ज्वेलरी शाप में सराफा कारोबारी से जांच कराने पर जेवर नकली होने का खुलासा हुआ। दरअसल जेवर चांदी के थे, उस पर सोने की पालिश लगी थी। जिसका इस्तेमाल ठगी के लिए होने की आशंका जताई जा रही है। बहरहाल बहरहाल धारा 102 के तहत जेवर को जप्त किया गया है। मामले में आरोपियों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कारवाई की गई है।

तेज रफ्तार पिकअप ने स्कूटी सवार 2 लोगों को रौंदा

❐ हादसे में जीजा-साले की हुई मौत

दुर्ग (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में दर्दनाक सडक़ हादसे में दो युवकों की मौत हो गई है. यह दोनों रिश्ते में जीजा और साले थे. बताया जा रहा है कि भिलाई के नेवई थाना क्षेत्र में स्कूटी सवार जीजा साले को तेज रफ्तार पिकअप ने ठोकर मारी और स्कूटी को लगभग से 2 किलोमीटर घसीटते ले गई. इस हादसे में जीजा और साले की मौत हो गई. इस हादसे का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें घटना के दौरान सडक़ में चिंगारी भी निकलते

हुए दिखाई दे रही है.

जानकारी के अनुसार, भिलाई के नेवई थाना क्षेत्र में मरोदा ओवर ब्रिज पर लगभग 120 किलोमीटर की रफ्तार से आ रही पिकअप वाहन ने स्कूटी को लगभग 2 किलोमीटर तक घसीटा. घसीटते हुए स्कूटी से चिंगारियां भी निकलती रही. लेकिन पिकअप चालक ने गाड़ी नहीं रोकी. इस बीच घटना का वीडियो आसपास के राहगीरों ने बना लिया. जिसमें साफ नजर आ रहा है कि पिकअप वाहन से चिंगारी निकल रही है. वहीं अब तक पुलिस अपराधियों को नहीं पकड़ पाई है.

बताया जा रहा है कि दो दिन पहले नेवई भाटा क्षेत्र के निवासी 30 वर्षीय दीपक गुप्ता कॉन्टैक्टर कॉलोनी सुपेला निवासी अपने साले चंदन गुप्ता के साथ मरोदा ब्रिज से वापस लौट रहे थे. इस दौरान एक सामने से आ रही पिकअप वाहन ने उन्हें जोरदार ठोकर मारी और इस ठोकर से दोनों का पैर कट गया. जीजा और साले जमीन पर गिरकर बेहोस गए. लेकिन स्कूटी पिकअप वाहन में फंस गई पिकअप वाहन घसीटते हुए स्कूटी को लगभग 2 किलोमीटर तक ले गई. इस बीच राहगीरों ने इस घटना का वीडियो भी बनाया. वहीं आसपास के लोगों ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया लेकिन मंगलवार को जीजा और साले दोनों की मौत हो गई. इस घटना के बाद चंदन गुप्ता के तीन बच्चों और दीपक गुप्ता के दो बच्चों के सिर से पिता का साया छिन गया. वहीं पुलिस इस घटना की सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है, लेकिन अब तक आरोपी फरार है.

सीसीएफ ने ली बैठक: हाथी प्रभावित क्षेत्रों का किया निरीक्षण

❐ लटकते बिजली तार होंगे दुरुस्त

कोरबा (आरएनएस)। मुख्य वन संरक्षक बिलासपुर सर्किल राजेश चंदेले द्वारा बुधवार को हाथी प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण किया गया एवं हाथी नियंत्रण कक्ष परला में हाथी प्रभावित क्षेत्र के अधिकारी एवं कर्मचारियों का बैठक लेकर उन्हें आवश्यक निर्देश दिए।

चंदेले ने कहा कि सभी बीट ऑफिसर को ग्रामीणों को साथ लेकर अपने क्षेत्र में सतत भ्रमण करना है और जहां भी बिजली के तार लटकते दिखे या अवैध कनेक्शन दिखाई दे तो तत्काल उच्च अधिकारियों को सूचित करें। उच्च अधिकारियों का यह कर्तव्य है कि तत्काल बिजली विभाग को लिखकर उन पॉइंट्स को बताना है जहां पर लूज कनेक्शन या बिजली का तार झूल रहे हैं ताकि बिजली विभाग कनेक्शंस को बंद कर आवश्यक कार्यवाही कर सकें। यदि बिजली विभाग के अधिकारी/कर्मचारी कार्यवाही नहीं करते हैं तो उनके ऊपर भी वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत कार्यवाही की जाएगी।

उन्होंने सभी विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी अपने क्षेत्र में लगातार प्रचार प्रसार करेंगे एवं ग्रामीणों को यह भी बतलाएंगे कि यदि किसी भी तरह से हाथियों को कोई नुकसान होता है तो संबंधित व्यक्ति पर वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत कार्यवाही किया जाएगा। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारियों को फसल मुआवजा प्रकरण तत्काल तैयार करके भुगतान करने का निर्देश दिया और कहा कि इस पर किसी भी तरह से विलंब नहीं होना चाहिए। बैठक के दौरान चंदेले के साथ वनमंडल अधिकारी कुमार निशांत, उप वनमंडल अधिकारी संजय त्रिपाठी, वन परिक्षेत्र अधिकारी केंदई अभिषेक दुबे, जटगा उत्तम कुमार मिश्रा, ऐतमानगर देवदत्त खंडे, पसान रामनिवास दहायत एवं हाथी प्रभावित क्षेत्र के सभी स्टाफ मौजूद रहे।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुरे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

हॉकी स्पर्धा : मध्यप्रदेश की गोवा पर 23 गोल से की जीत

❐ मेजबान छत्तीसगढ़ ने भी गुजरात को 13 गोल से हराया

❐ वेस्ट जोन सब जूनियर हॉकी प्रतियोगिता

राजनांदगांव (आरएनएस)। बालिका वर्ग में आज खेले गए पहले मैच महाराष्ट्र ने दादर नागार हवेली को 7-0 गोल से हरा कर जीत दर्ज की दुसरे मैच में मध्यप्रदेश की बालिकाओं ने गोवा को 23-0 गोल से हराकर स्पर्धा की अबतक सबसे बढी जीत दर्ज की वहीं मेजबान छत्तीसगढ ने तीसरे मैच में हॉकी गुजरात को एकतफा मुकाबले में 13-0 गोल से हरा कर तीसरी जीत दर्ज की। वही बालक वर्ग में हॉकी मध्यप्रदेश ने दादार नागार हवेली को 6-2 गोलो से पराजित किया दुसरे खेले गए मैच में हॉकी महाराष्ट्र ने संघर्षपूर्ण मैच में राजस्थान को 2-0 गोल से हराया। रोमांचक खेले गए तीसरे मैच में हॉकी गुजरात ने गोवा को 2-1 गोल से पराजित किया। आज मैच के दौरान सुशील कोठारी अध्यक्ष जिला क्रिकेट संघ, चन्द्रशेखर मोहबे, वरिष्ठ चिकित्सक रेखा पदम अंतर्राष्ट्रीय हैण्डबाल खिलाडी, सुभद्रा प्रधान ओलंपियन, अतुल चोपडा अध्यक्ष, राजनांदगांव ओलंपिक एसोशिएशन, विवेक शुक्ला अध्यक्ष डिस्ट्रीक्ट एथलेटिक एसोशिसन राजनांदगांव, रूबीना अंजुम अल्वी समाज सेवी, अजय अग्रहरि प्रदेश अध्यक्ष राजपूत समाज, विजय शर्मा, फिरोज अंसारी, आयोजन सचिव गणेश प्रसाद शर्मा, भुषण सॉव, मृणाल चैबे रणविजय प्रताप सिंह,अनुराज श्रीवास्तव ने खिलाडियों से परिचय प्राप्त किया तथा प्लेयर आफ द मैच के पुरूस्कर वितरित कर खिलाडियों को बधाई व शुभकामनांए दी। अंतर्राष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में खेली जा रही प्रथम वेस्ट जोन सब जूनियर बालक बालिका हॉकी प्रतियोगिता के चैथे दिन प्रात: खेले गए बालिका वर्ग के प्रथम मैच में हॉकी महाराष्ट्र ने दादाद नागार हवेली एण्ड दमन डिव को एकतरफा मुकाबले में 7-0 गोल से पराजित किया हॉकी महाराष्ट्र की ओर से कप्तान यासस्वी प्रकाश कुबडे 4 गोल, अन्वी रावत ने 1 गोल श्रेया अभिजीत ने 1 गोल तलिशा वाज ने 1 गोल किया। वहीं आज का दुसरे मैच में हॉकी मध्यप्रदेश ने गोवा हॉकी को 23-0 गोल से पराजित किया मैच प्रारंभ होने के साथ मध्यप्रदेश की बालिकाओं ने एक के बाद एक गोल कर गोवा पर प्रारंभ किया और मैच समाप्ति तक स्पर्धा के अब तक के सबसे बढे अंतर 23-0 गोल से जीतने में कामयाब रही मैन ऑफ द प्लेयर रही रूबी राठौर ने 5 गोल, कनक पाल व शालू पुखराम्बन ने 3-3 गोल किया शेष गोल अन्य खिलाडियों ने किया। तीसरे खेले गए मैच में मेजबान छत्तीसगढ ने गुजरात को 0 के मुकाबले 13 गोल से आसानी से हरा दिया यह मेजबान बालिका टीम की प्रतियोगिता में तीसरी जीत थी छत्तीसगढ़ की ओर से मधु सिदार ने 5 गोल,प्रियाशी मौर्य ने 3 गोल,धनेश्वरी,श्यामली रॉय, नैना,आराधाना राजभर ने 1-1 गोल किया।